दिनांक : 25.09.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने राजस्थान में सवा लाख करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ, माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना की रखी आधारशिला।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर में 200 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात , अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम किया लॉन्च।
- एशिया कप में आज पाकिस्तान-बांग्लादेश भिड़ंत, जीतने वाली टीम फाइनल में भारत से खेलेगी।

## प्रधानमंत्री- वर्ल्ड फूड इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मण्डपम, नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में शामिल हुए । यह चार दिवसीय कार्यक्रम 25 से 28 सितम्बर तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य स्थिरता, और पोषक तथा जविक खाद्य उत्पादन की विशेषताएं प्रदर्शित की जाएंगी।इस दौरान खाद्य प्रसंस्कृत और उद्योग मंत्री चिराग पासवान भी मौजूद रहे ।

## प्रधानमंत्री -राजस्थान यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बांसवाड़ा में एक लाख बाईस हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने माही बांध के पास माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी, जिसमें सात सौ मेगावाट क्षमता की चार इकाइयाँ स्थापित होंगी।
प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा में राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक के 'पीएम-कुसुम' परियोजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा, पेयजल, स्वास्थ्य, राजमार्ग और रेल सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से घरेलू खर्च में कमी आई है।उन्होंने जनजातीय समुदायों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

**<u>राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार समारोह</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल  नई दिल्ली में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। समारोह राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में होगा। वर्ष 2024 के लिए कुल 12 पुरस्कार चुने गए हैं । प्रोफेसर श्याम सुंदर राय को आजीवन उपलब्धि पुरस्कार और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वरिष्ठ भूविज्ञानी सुशोभन नियोगी को राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे भी उपस्थित रहेंगे।

**<u>मुख्यमंत्री - सागर</u>**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सागर जिले के जैसीनगर में अन्न सुरक्षा संकल्प समारोह में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान लगभग 200 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ शुरू की गईं। मुख्यमंत्री ने "मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम" और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना के सिंगल विंडो पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जैसे नल कनेक्शन से घर-घर पानी पहुँच रहा है, वैसे ही इस योजना से गैस कनेक्शन उपलब्ध होंगे।

‘जय शिवनगर’ करने की घोषणा भी की।

## जीएसटी सुधार

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग 22 सितम्बर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार-स्तरीय संरचना को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना में बदल दिया है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम होने से नागरिकों को काफी राहत मिल रही है।

## जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने आज नई दिल्ली से ‘जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल’ की शुरुआत की। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मनरेगा राशि का बड़ा हिस्सा अब जल संरक्षण कार्यों पर खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से भू-जल स्तर बढ़ाने, नदियों को पुनर्जीवित करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## सेवा पर्व - रक्षा उत्पादन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर,परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने रक्षा

उत्पादन को मज़बूत किया है, जिससे भारत आत्मनिर्भर बना है और वैश्विक रक्षा बाज़ार में एक उभरती हुई शक्ति बना है।

**एशिया कप क्रिकेट**

एशिया कप क्रिकेट में सुपर फोर में आज बांग्लादेश का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच दुबई में रात 8 बजे से खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम का मुकाबला फाइनल में भारत से होगा। कल भारत ने सुपर फ़ोर में बांग्लादेश हराकर फ़ाइनल में जगह बनाई।

**मौसम**

प्रदेश से अब मानसून की वापसी शुरू हो गयी है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन और सागर संभागों के कुछ जिलों में वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंडला और बलाघाट जिलों के लिए **यलो अलर्ट** जारी किया है।

-----------------------